राज ऋषि भर्तृहरि मत्स्य विश्वविद्यालय, अलवर

*क्रमांक : राऋभमवि/अल/परीक्षा/2021/*1277 *दिनांक :* 26/10/2021

मुख्य परीक्षा-2021 के पुनर्मूल्यांकन आवेदन पत्र भरने सम्बन्धी सूचना

राज ऋषि भर्तृहरि मत्स्य विश्वविद्यालय मुख्य परीक्षा-2021 के पुनर्मूल्यांकन हेतु ऑनलाईन आवेदन पत्र निम्नानुसार भरे जायेंगे :

कक्षा	आनलाईन आवेदन पत्र प्रारंभ होने की तिथि	ऑनलाईन आवेदन पत्र भरने की अन्तिम तिथि
B.A. Part-III (Pass/Hons.) B.Sc. Part-III (Pass/Hons.) B.Com.-III (Pass/Hons.) B.B.A. –III B.C.A.-III	27.10.2021	10.11.2021

पुनर्मूल्यांकन आवेदन पत्र भरने संबंधी दिशा-निर्देश

1. उपरोक्तानुसार परीक्षाओं हेतु पुनर्मूल्यांकन आवेदन-पत्र ऑनलाईन विश्वविद्यालय परीक्षा कार्य की वेबसाईट www.univindia.org द्वारा भरे जाएंगे।
2. मुख्य तथा ड्यू परीक्षा में 50 प्रतिशत प्रश्न-पत्रों में पुनर्मूल्यांकन करवाया जा सकता है।
3. **पुनर्मूल्यांकन ऑनलाईन आवेदन शुल्क निम्न प्रकार देय होगा :**
   i. नियमित छात्रों के लिए रूपये 350/- प्रति प्रश्न पत्र देय होगा।
   ii. स्वयंपाठी छात्रों के लिए रूपये 350/- प्रति प्रश्न पत्र तथा प्रोसेसिंग शुल्क रूपये 80/- देय होगा।
4. **अन्तिम तिथि** - ऑनलाईन प्रक्रिया प्रारम्भ होने से 15 दिवस तक ही पुनर्मूल्यांकन आवेदन कर सकते है। इसके पश्चात सम्बन्धित कक्षा के लिए वेबसाईट निष्क्रिय हो जाएगी।
5. **पुनर्मूल्यांकन आवेदन करने के पश्चात आवेदन फार्म की हार्डकॉपी विश्वविद्यालय में जमा करवाने की आवश्यकता नहीं है। जिसे परीक्षार्थी अपने पास सुरक्षित रखे तथा विश्वविद्यालय द्वारा मांगने पर प्रस्तुत करनी होगी।**
6. **आवेदन पत्र भरने एवं शुल्क जमा कराने की प्रक्रिया** - परीक्षार्थियों का निर्धारित परीक्षा शुल्क आईसीआईसीआई बैंक के माध्यम से जमा कराना होगा। परीक्षा शुल्क एवं परीक्षा फार्म की प्रक्रिया निम्नानुसार होगी :
   i. सर्वप्रथम छात्र www.univindia.org वेबसाईट पर जाकर अपनी कक्षा से सम्बन्धित ऑनलाईन पुनर्मूल्यांकन आवेदन पत्र मुख्य परीक्षा अनुक्रमांक से भरेंगे।
   ii. परीक्षार्थी पुनर्मूल्यांकन परीक्षा का निर्धारित परीक्षा शुल्क आईसीआईसीआई बैंक में क्रेडिट, डेबिट कार्ड एवं नेट बैंकिंग के माध्यम से जमा करवा सकते है, तत्पश्चात् क्रमांक अंकित करने आवेदन पत्र दो प्रतियों में प्रिंट प्राप्त कर ले। पुनर्मूल्यांकन आवेदन फार्म की दोनों प्रतियां एवं शुल्क जमा कराने की रसीद अपने पास सुरक्षित रखें।
   iii. एक बार शुल्क जमा होने के पश्चात् किसी भी स्थिति में शुल्क वापस नहीं होगा।

नोट : **पुनः सूचित किया जाता है कि पुनर्मूल्यांकन आवेदन करने के पश्चात परीक्षार्थी आवेदन फार्म की हार्डकॉपी अपने पास सुरक्षित रखे तथा विश्वविद्यालय द्वारा मांगने पर प्रस्तुत करनी होगी।**

परीक्षा नियंत्रक
दिनांक : 26/10/2021

क्रमांक : राऋभमवि/अल/परीक्षा/2021/ 1278 - 1282
प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु :-

1. कुलसचिव, राज ऋषि भर्तृहरि मत्स्य विश्वविद्यालय, अलवर।
2. वित्त नियंत्रक, राज ऋषि भर्तृहरि मत्स्य विश्वविद्यालय, अलवर।
3. सहायक कुलसचिव, राज ऋषि भर्तृहरि मत्स्य विश्वविद्यालय, अलवर।
4. निजी सहायक, कुलपति, राज ऋषि भर्तृहरि मत्स्य विश्वविद्यालय, अलवर।
5. सम्बन्धित फर्म परीक्षा-2021

परीक्षा नियंत्रक